महत्वपूर्ण एवं खास

वाट्सप में अश्लील एवं धमकी भरे मैसेज भेजने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर(आरएनएस)। वाट्सप में अश्लील और धमकी भरा मैसेज भेजकर एक व्यक्ति को परेशान करने वाले मोबाइल नंबर 70497-86848 के धारक के खिलाफ तेलीबांधा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी विजय निहिचलानी 39 वर्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी मोबाइल धारके खिलाफ धारा 507, 294 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

सूने मकान से नगदी सहित 65 हजार के गहने पार

रायपुर (आरएनएस)। एसबीआई कालोनी सुंदरनगर में 5 मई को दोपहर में अज्ञात चोर एक सूने मकान का ताला तोड़कर घर की आलमारी में रखे नगद 30 हजार रूपये एवं 35 हजार कीमत के सोने-चांदी के गहने चोरी कर ले गया। घटना की रिपोर्ट मकान मालिक अनिलधर दुबे ने डीडीनगर थाने में दर्ज कराई है।

खदान में डूबी महिला का शव बरामद

रायपुर (आरएनएस)। धरसींवा थाना अंतर्गत सिलतरा के मुनगाडीह स्थित खदान में एक महिला की डुबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला मंगलवार को शाम में डूबी थी, जिसका शव आज बरामद किया गया। धरसींवा थाना प्रभारी नरेन्द्र बंछोर ने बताया कि मंगलवार की शाम पुलिस को सूचना मिली की सिलतरा स्थित मूनगाडीह कालोनी में स्थित एक खदान में एक महिला कपड़ा धोने के दौरान फिसल कर पानी में डूब गई। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने कल देर शाम तक महिला शव का गोताखोर से तलाश कराया लेकिन अंधेरा होने के कारण शव बरामद नहीं किया जा सका। आज सुबह पुलिस फिर गोताखोर की टीम को खदान में उतारा और शव को बरामद किया। शव की शिनाख्ती कर ली गई है। मृतका की पहचान आशा बाई वर्मा पति रामसंजीवन वर्मा 33 वर्ष निवासी मूनगाडीह के रूप में की गई। थी। पुलिस ने बताया कि खदान के पत्थर में काई जमा हुआ है। संभवतः पैर फिसलने के कारण महिला पानी में गिरी होगी। चूंकि महिला को तैरना नही आता था इसलिए उसकी डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मामले में पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल एमपी में करेंगे तीन आमसभाओं को संबोधित

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल क मध्यप्रदेश में तीन बड़ी आमसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वे अंतिम चरण में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार अभियान में भी शामिल होंगे। इसके लिए श्री बघेल आज शाम भोपाल रवाना हो जाएंगे। कांग्रेस के स्टार प्रचारक भूपेश बघेल आज शाम भोपाल रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल कल सुबह 10 बजे भोपाल से प्रस्थान कर 11 बजे सेमलापुरा जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश पहुंचेंगे और यहां आयोजित एक आमसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 12.15 बजे सेमलापुरा से प्रस्थान कर वे दोपहर 1 बजे खातेगांव जिला देवास पहुंचेंगे और एक आमसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 2.15 बजे वे खातेगांव से प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे गैरतगंज जिला रायसेन पहुंचेंगे और एक आमसभा को संबोधित करेंगे। शाम 4.30 बजे गैरतगंज से प्रस्थान कर शाम 5 बजे भोपाल पहुंचेंगे।

नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, दो के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

कोरबा (आरएनएस)। बालको थाना अंतर्गत परसाभांठा में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार जिले के बालको थाना क्षेत्र के नया रिस्दा भदरापारा बालको निवासी पितांबर कुमार साहू पिता बी एल साहू 38 वर्ष ने वर्ष 2015 में हिमानी सिंह ठाकुर व एक अन्य को नौकरी लगाने के नाम पर 2 लाख 90 हजार रुपए दिया था। तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी हिमानी व उसके साथी ने नौकरी नहीं लगाई तो पितांबर ने दोनों से रुपए वापस मांगी। दोनों ने रुपए देने से साफ इनकार कर दिया। पितांबर बालको थाना पहुंचकर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हिमानी व एक अन्य साथी के खिलाफ अपराध क्रमांक 159/19 धारा 420, 34 भादवि के तहत कार्रवाई की है।

बिलासपुर में थल सेना भर्ती रैली एक जून को आवेदन की अंतिम तिथि 16 को

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के अभ्यर्थियों के लिए बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में एक जून को थल सेना रैली का आयोजन किया जा रहा है। आवेदन की तिथि, स्थान, समय के विकास के साथ प्रवेश पत्र का प्रिंट आऊट लेना होगा। भर्ती प्रक्रिया के नियमों और बिलासपुर में उच्च मुख्यालय के निर्देशानुसार कभी भी बदलाव किया जा सकता है। भर्ती परीक्षा में भाग लेने आवेदन की अंतिम तिथि 16 मई 2019 नियत है।

यह थल सेना भर्ती रैली छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के योग्य उम्मीदवारों के लिए है। भर्ती प्रक्रियामें www.joinindianarmy.nic.in (डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू. ज्वाइन इंडियन आर्मी .एनआईसी .इन) वेबसाइट पर ऑनलाईन पंजीकरण और आवेदन करना आवश्यक है। इस भर्ती रैली हेतु आवेदन 02 अप्रैल 2019 से 16 मई 2019 तक किया जा सकेगा। आवेदन करके 18 मई 2019 के बाद इसी वेबसाइट पर अपनी ई.मेल पर लॉग-इन करके अपने प्रवेश पत्र की तारीख और रैली स्थान के विवरण के साथ प्रिंट आऊट लेना होगा। आवेदक अपने प्रवेश पत्र पर नवीनतम फोटो चस्पा करने बाद भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। इस रैली में भाग लेने के कारण ऑनलाईन पंजीकरण और आवेदन आवश्यक है।

यह भर्ती रैली सैनिक सामान्य ड्यूटी (जी.डी.),

सैनिक सामान्य ड्यूटी (अनुसूचित जाति), सैनिक तकनीकी (एविएशन और एम्युनिशन परीक्षक), सैनिक नर्सिंग सहायक (वेटनरी), सैनिक लिपिक (क्लर्क), स्टोर कीपर और सैनिक ट्रेड मैन पदों की भर्ती के लिए आयोजित की जा रही है।

सैनिक सामान्य ड्यूटी, सैनिक लिपिक, सैनिक तकनीकी, सैनिक नर्सिंग एवं सैनिक ट्रेडमेन के पदों पर कम से कम साढ़े 17 साल और अधिकतम 23 साल के आयु वर्ग के युवाओं की भर्ती की जाएगी। सैनिक सामान्य ड्यूटी के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा दसवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है तथा ऊंचाई 168 सेंटीमीटर (अजजा श्रेणी के अभ्यर्थी के लिए 162 सेमी) और एक अक्टूबर 2019 की स्थिति में आयु साढ़े 17 से 21 वर्ष होनी चाहिए ।

इसी तरह सैनिक लिपिक (क्लर्कध्स्टोरकीपर) हेतु अभ्यर्थी को कला, वाणिज्य, विज्ञान संकाय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है तथा ऊंचाई 162 सेंटीमीटर तथा आयु साढ़े 17 से 23 वर्ष होनी चाहिए।

जीएसटी चोरी मामले में लोहा कारोबारी गिरफ्तार

रायपुर(आरएनएस)। जीएसटी इंटेलीजेंस की टीम ने बुधवार को जीएसटी चोरी के मामले में झारखंड की लोहा कारोबारी को गिरफ्तार किया है।

जीएसटी इंटेलीजेंस की टीम ने आज तेलीबांधा वीआईपी तिराहे स्थित कारोबारी के दफ्तर में दबिश दी और लोहा कारोबारी को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि दो वर्ष पहले भी यहां दबिश देकर टैक्स चोरी पकड़ी थी। इसके बाद बकाया टैक्स की गणना करने के बाद नोटिस जारी किया गया था। साथ ही कारोबारी को जमशेदपुर स्थित जीएसटी दफ्तर में उपस्थिति दर्ज कराने को कहा गया था। लेकिन कारोबारी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया। लगातार जारी नोटिस के बाद भी आरोपी द्वारा कोई जवाब नहीं देने पर आज उसे गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कारोबारी के खिलाफ जीएसटी चोरी का पुराना मामला कोर्ट में लंबित है और मामले की सुनवाई भी चल रही है।

दो महिलाओं से मारपीट

कोरबा,08 मई (आरएनएस)। करतला थाना अंतर्गत ग्राम मदवानी में अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं से मारपीट की वारदातों में दो आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामलों की विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शांतिबाई कंवर पति वेदराम कंवर के साथ पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कन्हैया राठिया उम्र 35 पिता सुख सिंह राठिया ने मारपीट किया। करतला पुलिस ने प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 48ध19 धारा 294ए506ए323 भादवि के तहत मारपीट किए जाने का जुर्म दर्ज किया है।

भालू का हमला, एक घायल

कोरबा (आरएनएस)। तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान घुंचापुर में आज सुबह भालू का हमला हुआ। एक व्यक्ति इसमें घायल हो गया। सरकारी अस्पताल में उसका उपचार जारी है। वन विभाग ने उसके परिजनों को राहत राशि उपलब्ध करायी है।

जानकारी के अनुसार पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के घुंचापुर पहाड़ पर तेंदु पत्ता तोडने के लिए सुकलाल धनवार उम्र 60 वर्ष सुबह सुबह 5 बजे जंगल गया था जिस पर अचानक भालू ने हमला कर दिया जिससे सुकलाल धनवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के लिए पौड़ी चिकित्सालय में दाखिल कराया गया। यहां बताना आवश्यक होगा कि जिले के वनांचल क्षेत्रों में जंगली जानवरों द्वारा आये दिन उत्पात मचाया जा रहा है। कोरबा जिले में जहां अधिकतर आबादी जंगलों में बस्ती है जिनको जंगली जानवरों से लगभग रोजाना ही दो चार होना पड़ता है। जिले में लगातार जंगली जानवरों

का प्रकोप बढ़ता जा रहा है कभी हाथी का आतंक तो कभी भालू का हमला अभी जिले के जंगलों में ग्रामीण तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए जंगल जाते हैं। हाल में ही वनमंडल कोरबा से सटे छाल रेंज के सेमीपाली गांव में हाथी के हमला में तीन लोगों की मौत हो गई। ये ग्रामीण तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए जंगल में गए हुए थे।

गर्भवती नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, मामला दर्ज

कोरबा (आरएनएस)। जिले के करतला थाना अंतर्गत ग्राम घिनारा निवासी नवविवाहिता की हालत बिगडने पर करतला सीएचसी ले जाया गया, जिसकी बीच रास्ते में संदिग्ध मौत हो गई। करतला पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना गंभीरता से शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार करतला थाना अंतर्गत ग्राम घिनारा निवासी युवक विदेशीराम यादव उम्र 21 की शादी पिछले वर्ष सुकमति बाई यादव उम्र 19 के साथ हुई थी। सुकमति बाई 7 माह की गर्भवती थी। कल सुबह 9 बजे के लगभग इसकी हालत एकाएक गंभीर हो गई। जिसके कारण उसका पति एवं परिवार के सदस्यों ने उसे करतला सीएचसी ले गए। जहां उसे देखते ही चिकित्सक ने परीक्षण के उपरांत विदेशीराम यादव एवं उसके परिवार के सदस्यों को बताया कि सुकमति की बीच रास्ते में ही मौत हो चुकी है। जिसके बाद यादव परिवार के सदस्यों में

कोहराम मच गया है।

बताया जाता है कि करतला सीएचसी कर्मी शिवनारायण सिंह उम्र 29 पिता बहादुर सिंह के द्वारा सूचना दिए जाने पर करतला पुलिस ने मर्ग क्रमांक 14/19 एवं सीआरपीसी की धारा 174 कायम कर मृतका के शव को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया। इस मामले की विवेचना करतला थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक विल्फ्रेड मसीह द्वारा किया जा रहा है। मृतका के मौत के संबंध में जानकारी चाहने पर करतला पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतका की मौत के कारणों का खुलासा विस्तृत पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद किया जाएगा। फिलहाल विवेचना जारी है।

सीमेंट कंपनी का सीएंडएफ दिलाने का झांसा देकर 25 लाख 60 हजार की ठगी

» दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। बलौदाबाजार स्थित सीमेंट कंपनी में सीएंडएफ दिलाने का झांसा देकर दो आरोपियों द्वारा एक व्यक्ति से 25 लाख 60 हजार रूपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में राजेन्द्र नगर थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

राजेन्द्र नगर थाना प्रभारी अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि खनन कारोबारी रजनीकांत सिंह निवासी राजेन्द्रनगर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बलौदाबाजार जिला स्थित सीमेंट कंपनी में आदित्य बुरड़ और सुनील लुनावत ने कंपनी का सीएंडएफ दिलाने के नाम पर उससे 25 लाख 60 हजार रूपए ले लिए। रकम लेने के बाद आरोपियों ने सीमेंट कंपनी का फर्जी पत्र भी थमा दिया। फर्जी पत्र जानकारी जब रजनीकांत को मिली तो उसने इसकी शिकायत राजेन्द्र नगर थाने में की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

बारातियों से भरी माजदा पलटी, दो की मौत, सात घायल

बेमेतरा (आरएनएस)। साजा नगर पंचायत में शराब दुकान के आगे बीती रात बारातियों से भरी माजदा पलट गई। दुर्घटना में दो की मौत हो गई। वहीं सात लोग घायल हो गए। सड़क दुर्घटना के बाद साजा पुलिस की टीम ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है। बाराती शादी के बाद वापस लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि माजदा भेंड़वानी के कामता प्रसाद की है। बारात वापस लेकर आते समय दुर्घटना का शिकार हो गई। मरने वालों में उमेन्द साहू, पिता फिरतू साहू 71 वर्ष ग्राम भेडरवानी, मनोहर वर्मा, ग्राम सोमई

कला उम्र 57 साल है। दोनों का शव का साजा हॉस्पिटल में पीएम के बाद परिजनों को आज सौंपा जाएगा। सड़क दुर्घटना में कुल 7 लोग घायल हुए हैं। जिसमे गोवर्धन यादव ,दानी यादव ,रामायण यदु, बसन्त पाल, विजय व दो अन्य हैं। जिन्हे उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। सभी घायल ग्राम सोमई कला के हैं जो ग्राम काचरी बारात गए थे। बीती रात शादी के बाद सोमई कला वापस आ रहे थे। साजा पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच में जुट गई है।

दपूमरे में नई यात्री सुविधा : क्यूआर कोड स्कैन करते ही मिलेगी अनारक्षित टिकट

रायपुर (आरएनएस)। यात्री सुविधाओं में विस्तार तथा पेपरलेस टिकटिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के पांच स्टेशनों में यूटीएस ऑन मोबाइल एप्प के माध्यम नई तकनीकी क्यूआरकोड की सुविधा शुरू कर दी गई है।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि अनारक्षित टिकट के लिए सुविध यूटीएस ऑन मोबाइल एप्प के माध्यम से एक नई तकनीकी सुविधा क्यूआर कोर्ड (क्विट रिस्पांस कोड) के माध्यम से रायपुर मंडल के पांच स्टेशनों में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, पावर हाउस, भाटापारा एवं तिल्दा-नेवरा में टिकट बनाए जा सकते हैं। यह क्यूआर कोर्ड स्टीकर के फार्म में बुकिंग, इंक्वायरी एवं स्टेश्र परिसर में लगाए गए हैं। इनके माध्यम से स्टेशन परिसर में मोबाइल से टिकट

बनाए जा सकते हैं। यह एप्प एंड्राययड और अब आईओएस मोबाइल फोन के लिए भी उपलब्ध है। अनारक्षित टिकट हेतु यूटीएस ऑन मोबाइल एप को बढ़ावा देने के लिए हेल्प बूथ, सहायता केन्द्र के माध्यम से यात्रियों को नियमित रूप से जानकारी दी जा रही है। अप्रैल 2019 में मोबाइल ऐप के माध्यम से 1,07,338 यात्रियों ने यात्रा की जो यात्री संख्या के मामले में अप्रैल माह के समस्त अनारक्षित वर्ग का 4.8 प्रतिशत है। इसी प्रकार राजस्व के मामले में यह अप्रैल माह में अनारक्षित टिकट से प्राप्त कुल राजस्व का 1.15 प्रतिशत है।

सलमान खान की दबंग 3 में अब मुन्ना होगा बदनाम

बॉलिवुड सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों मुंबई के अलग-अलग स्टूडियो में भाई अरबाज खान की फिल्म दबंग 3 की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म के कुछ सीन और टाइटल सांग मध्य प्रदेश में शूट किया जा चुका है। दबंग फ्रेंचाइज की कई खास बातें हैं, पारिवारिक कहानी, पुलिस वाला चुलबुल पांडे का रॉबिनहुड स्टाइल, लव स्टोरी, ऐक्शन, ड्रामा और फिल्म का संगीत।

फिल्म के इसी संगीत को खास बनाने के लिए हर बार संगीतकार साजिद-वाजिद की जोड़ी को बहुत मेहनत करनी पड़ती है, उन्हें ध्यान रखना पड़ता है कि दर्शकों को दबंग की हर फ्रेंचाइज में म्यूजिक एक जैसा न लगे, लेकिन पिछली फिल्म से अलग-थलग भी न हो। हर फ्रेंचाइज के साथ फिल्म से एक नया दर्शक वर्ग भी जुड़ता है, उनके टेस्ट का भी ख्याल रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

इस बार फिल्म के पहले भाग में फेमस हुए गाने मुन्नी बदनाम को फिर से भुनाया जाएगा, लेकिन इस बार गाने के बोल बदल जाएंगे, इस बार मुन्नी नहीं होगी बदनाम। इस तरह की बदनामी अगर पैसों की बारिश के साथ और भी मशहूर कर दे तो क्या कहने, शायद यही वजह है कि इस बार बदनामी का यह चोला खुद सलमान खान पहनने वाले हैं। फिल्म के सेट से खबर आ रही है कि दबंग 3 में गाने के बोल होंगे मुन्ना बदनाम हुआ, डार्लिंग तेरे लिए, इस गाने पर जाहिर है सलमान खान अपनी उसी स्टाइल में थिरकते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी भी थोड़ा पीछे जाएगी।

प्रियंका चोपड़ा अपने बच्चों को सुनाएंगी यह कहानी

ऐक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की लव स्टोरी और फिर उनकी शादी ने कई लोगों को सरप्राइज किया था। इनके बीच तलाक तक होने की खबरें आईं लेकिन शादी को कई महीने बीत जाने के बाद भी निक और प्रियंका का रिश्ता मजबूती से आगे बढ़ रहा है। इनके इस प्यार भरे रिश्ते से प्रियंका कितनी खुश हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह अपनी लव स्टोरी बच्चों को भी सुनाना चाहती हैं।

दरअसल, प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर मेट गाला 2017 का फोटो शेयर किया है, जिसमें वह निक के साथ पोज देती दिखाई दे रही हैं। फोटो पर ऐक्ट्रेस ने लिखा है यह कहानी मैं अपने बच्चों को जरूर बताऊंगी कि मेरी तुम्हारे पापा से मुलाकात कैसे हुई।

मेट गाला का यह फोटो इसलिए बेहद खास है क्योंकि निक और प्रियंका की पहली मुलाकात इसी इवेंट में हुई थी, जिसके बाद धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी थीं। निक ने भी कहा था कि मेट गाला 2017 में प्रियंका को देखते हुए उन्हें स्पेशल फील हुआ था।

गर्मियों में बासी चीजें खाना हो सकता है खतरनाक

गर्मियों में खान-पान को लेकर सावधानी बेहद जरूरी होती है। ज्यादा तापमान होने से इस मौसम में खाना जल्दी खराब हो जाता है। अगर आप गर्मी के मौसम में बासी यानी बचा हुआ खाना खाते हैं, तो कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं।

खाने के दौरान ही काटें फल और सलाद

डॉक्टरों के मुताबिक गर्मियों में आपको 4-5 घंटे से ज्यादा समय का बना हुआ खाना नहीं खाना चाहिए। इसके अलावा सलाद और फलों को खाने के दौरान ही काटना चाहिए। अगर आप बासी खाना या सलाद खाते हैं, तो आपको स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं हो सकती हैं।

फूड पॉयजनिंग- इस मौसम में फूड पॉयजनिंग के मामले काफी बढ़ जाते हैं। इसका कारण यह है कि

तापमान गर्म होने के कारण खाने में बैक्टीरिया जल्दी पनप जाते हैं। ये बैक्टीरिया 5 डिग्री सेल्सियस से 60 डिग्री सेल्सियस के तापमान के बीच तेजी से बढ़ते हैं। एक-दो घंटे में ही ये बैक्टीरिया संख्या में 2-3 गुना तक वृद्धि कर सकते हैं, जिससे खाना जहरीला हो जाता है। ऐसा खाना खाने के बाद पेट में दर्द और उल्टी, फूड पॉयजनिंग के लक्षण हो सकते हैं।

डायरिया- डायरिया का शिकार ज्यादातर बच्चे होते हैं। बच्चों का पाचनतंत्र और प्रतिरक्षातंत्र व्यस्कों से कमजोर होता है। इसलिए बासी खाने से बच्चे जल्दी प्रभावित हो सकते हैं। डायरिया होने पर बार-बार पतले दस्त, उल्टी और बुखार हो सकता है। इस रोग में शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जो खतरनाक हो सकती है।

दूध से बनीं चीजें- कुछ लोग दूध को फ्रिज में रखकर 2-3 दिन तक इस्तेमाल करते रहते हैं। अगर आप ताजा दूध लेते हैं, तो इसे एक बार उबालने के बाद उसी दिन खत्म कर दें।